कार्यालय रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (मध्य कमान), करियप्पा मार्ग, लखनऊ छावनी -226002
Office of the Principal Controller of Defence Accounts (Central Command)
Cariappa Road, Cantt., Lucknow, Pin Code – 226002

महत्वपूर्ण परिपत्र

कार्यालय के औचक निरीक्षण के दौरान यह अवलोकन किया गया कि कार्यालय के अनेक अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा चारपहिया/दुपहिया वाहन की पार्किंग कार्यालय के अग्र भाग में तथा द्वितीय गेट के पास कर दी जाती है। पूर्व में भी उक्त सम्बन्ध में सर्कुलर जारी करके यह निर्देशित किया गया था कि समस्त अधिकारी/कर्मचारी अपने वाहनों की पार्किंग कार्यालय के अग्र भाग में ना करें किन्तु उक्त आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है जिसे सक्षम अधिकारी द्वारा गंभीरता से लिया गया है।

उक्त परिपेक्ष्य में उल्लेखित है कि कार्यालय में अनेक उच्च स्तर के आर्मी/सिविल अधिकारियों तथा अन्य आगंतुकों का आवागमन होता रहता है। कार्यालय के अग्र भाग में वाहनों की पार्किंग से कार्यालय की छवि प्रभावित होती है। साथ ही यह भी अवगत कराया जाता है कि चारपहिया वाहनों की उचित पार्किंग हेतु प्रस्ताव की स्वीकृति हो चुकी है तथा शीघ्र ही निर्माण कार्य आरंभ हो जाएगा जिससे पार्किंग की उचित व्यवस्था हो सकेगी।

अतः कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से पुनः अनुरोध किया जाता है कि अपने वाहनों की पार्किंग कार्यालय के अग्र भाग में ना करें अपितु कार्यालय की Wet Canteen की तरफ़ गैराज से लेकर पश्च भाग तक तथा O&M सेल के सामने तथा पीछे रिक्त स्थान का प्रयोग वाहन पार्किंग हेतु करें। किसी अन्य स्थान पर वाहन पार्किंग पूर्णतया वर्जित है जिसका उल्लंघन प्रशासनिक कार्रवाई को बाध्य कर सकता है। यह भी देखा गया है की बार-बार निर्देशित करने के बाद भी कुछ अधिकारी/कर्मचारी इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। अतः यदि किसी अधिकारी/कर्मचारी का वाहन उक्त स्थान पर पाया जाता है तो इसकी ज़िम्मेदारी उस अधिकारी/कर्मचारी के प्रभारी अधिकारी (व॰ ले॰ अधिकारी/ले॰ अधिकारी) की होगी।

अपर-नियंत्रक द्वारा अवलोकित।

– ह०/- –
व. लेखाधिकारी (प्रशा-2)

परिपत्र सं॰: प्रशा/2/1023/विविध
दिनांक: 11/01/2023

प्रतिलिपि:

1. व॰ वैयक्तिक सचिव, र॰ ले॰ नियंत्रक
2. वैयक्तिक सचिव, अपर-नियंत्रक
3. वैयक्तिक सचिव, उप-नियंत्रक-1
4. वैयक्तिक सचिव, उप-नियंत्रक-2

:सूचनार्थ।

5. समस्त व॰ लेखाधिकारी/लेखाधिकारी
6. मुख्य कार्यालय के समस्त अनुभाग

: सूचनार्थ तथा परिपालन हेतु।

7. स्वचलन कक्ष : कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

व. लेखाधिकारी (प्रशा-2)